06- MAY- ALL BHOOMI- Pg- 1_Layout 1 5/6/2024 10:17 PM Page 1


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 7 मई 2024


# सरकारी गाड़ी से मौत, नहीं दिया मुआवजा, कोर्ट ने डीएफओ दफ्तर किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

तीन साल पहले 2021 में वन विभाग की सरकारी गाड़ी से एक व्यक्ति के मौत के प्रकरण में न्यायालय ने 1 करोड़ 82 लाख रुपए मृतक के परिवार को नहीं देने के कारण 6 मई को शहर के डीएफओ आफिस को सील कर दिया है। न्यायालय के कर्मचारी आज डीएफओ कार्यालय पहुंचे और अधिकारी के कक्ष पर ताला जड़ दिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक वन विभाग के वाहन से कमल कश्यप निवासी सोनारपाल थाना भानपुरी का एक्सीडेंट हुआ जिसमें कमल की दर्दनाक मौत हो गई थी। जिसके बाद मृतक के परिवार ने वन विभाग पर मुआवजा देने कोर्ट में मामला दाखिल किया। वहीं पीड़ित पक्ष की तरफ से जगदलपुर के एक अधिवक्ता ने पैरवी की जिसके तहत तृतीय अपर एवं जिला सत्र न्यायाधीश संघरतना भतपहरी ने विभाग के प्राधिकृत अधिकारी वनमंडलाधिकारी को मृतक के परिवार को 1,82,16,345 की राशि मुआवजे के रूप में देने आदेश किया था। जिसके बाद भी विभाग ने उक्त राशि का भुगतान मृतक के परिवार को नहीं किया। जिसके चलते कोर्ट ने प्राधिकृत अधिकारी की सम्पत्ति की कुर्की करने का आदेश दिया। वहीं आदेश के मुताबिक न्यायालय के कर्मचारी कुर्क करने पहुंचे।

खास खबर

## एक साल पहले मृतक के परिजन को 1 करोड़ 82 लाख देने का हुआ था आदेश

### हाईकोर्ट में अपील, 3 दिन पहले सील

इस संबंध में मध्य बस्तर वन मंडल के डीएफओ उत्तम गुप्ता ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि 3 साल पहले 2021 में सरकारी गाड़ी से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पिछले मई 2023 में 1 करोड़ 82 लाख मृतक के परिवार को देने कोर्ट ने आदेश किया था। विधि विभाग से अनुमति के बाद हाईकोर्ट में समय देने के लिए अपील की गई है। क्योंकि विधानसभा और लोकसभा चुनाव तथा आचार संहिता लगने के कारण राशि देने में विलंब हुआ। हमने भुगतान का प्रयास भी किया था लेकिन चुनाव के चलते देरी हुई। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने 9 मई 2024 का समय तय किया था। लेकिन 3 दिन पहले 6 मई को ही कुर्की आदेश लेकर न्यायालय के कर्मचारी पहुंच गए और दफ्तर को सील कर दिया। अब इस संबंध में फिर से न्यायालय जाएंगे।




inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### जीएसटी न्यायाधिकरण के अध्यक्ष जस्टिस मिश्रा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सेवानिवृत्त न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा को जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) के पहले अध्यक्ष के रूप में पद की शपथ दिलाई। उनका चयन देश के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खोज-सह-चयन समिति ने किया है।

### आदर्श संहिता उल्लंघन उमर अंसारी को जमानत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिवंगत गैंगस्टर-नेता मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान दर्ज एक आपराधिक मामले में सोमवार को जमानत दे दी। यह मामला आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन का है।

### मिनी बस और कार की भिड़ंत में चार की मौत



**जयपुर।** राजस्थान के झुंझुनूं जिले के सिंघाना थाना क्षेत्र में सोमवार को एक मिनी बस और कार की भिड़ंत में चार लोगों की मौत हो गई। हादसे में 20 से अधिक लोग घायल हो गए। हादसा सुबह थली गांव के पास उस समय हुआ, जब सिंघाना से बुहाना जा रही मिनी बस सामने से आ रही एक कार से टकरा गई।

### पुलिस ने नौ आईईडी विस्फोटक को किया नष्ट



**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के एक पहाड़ी इलाके में पुलिस ने सोमवार को नक्सलियों द्वारा लगाए गए नौ आईईडी और अन्य विस्फोटक सामग्रियों को नष्ट कर दिया। पुलिस को टीपागड क्षेत्र में विस्फोटकों के बारे में सूचना मिली थी।

## छत्तीसगढ़ में भी गड़बड़ी, बालोद कलेक्टर बोले- होगी जांच

# नीट में चूक का शक, बांट दिया गलत पेपर, गुस्साए छात्र ने छोड़ा एग्जाम हॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर नीट यूजी की परीक्षा का आयोजन रविवार को किया गया। इस दौरान अलग-अलग जगह से कई गड़बड़ी की खबर सामने आईं। छत्तीसगढ़ के बालोद के अलावा राजस्थान में हिंदी माध्यम वाले परीक्षार्थियों को अंग्रेजी मीडियम और इंग्लिश माध्यम वालों को हिंदी मीडियम का पेपर बांटा गया। इसके साथ ही कुछ स्थान पर पेपर लीक की भी खबर है।*

राजस्थान के सवाई माधोपुर के आदर्श विद्या मंदिर परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों ने आपत्ति दर्ज करते हुए प्रश्नपत्र लेकर परीक्षा केंद्र से बाहर चले गए। यहां हिंदी के छात्रों को अंग्रेजी और अंग्रेजी के छात्रों को हिंदी का प्रश्नपत्र दिया गया था। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को स्पष्ट किया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-स्नातक' में प्रश्नपत्र लीक होने का दावा करने वाली खबरें पूरी तरह से निराधार और बेबुनियाद हैं। प्रत्येक प्रश्नपत्र का हिसाब रखे जाने का दावा करते हुए एनटीए ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित प्रश्नपत्र की कथित तस्वीरों का वास्तविक प्रश्नपत्र से कोई संबंध नहीं है।

## हिंदी माध्यम को अंग्रेजी और अंग्रेजी माध्यम को दिया हिंदी का प्रश्न पत्र

### बिहार में नौ साल्वर गिरफ्तार

इधर, बिहार में राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) की परीक्षा में सॉल्वर गैंग के 9 लोग गिरफ्तार किए गए। पटना पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें 3 मेडिकल छात्र हैं। वहीं, पूर्णिया से भी 4 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। सभी मेडिकल छात्र हैं। महाराष्ट्र के नवी मुंबई से भी एक डमी फर्जी अभ्यर्थियों की गिरफ्तारी हुई है।






**भरतपुर में भी पकड़े गए 'मुन्नाभाई'** :राजस्थान के एक और एग्जाम सेंटर से गड़बड़ी की सामने आई। यहां भरतपुर जिले में एक डमी कैंडिडेट को परीक्षा देते पकड़ा गया है। जिले के एएसपी ने बताया कि एक स्कूल में एक अभ्यर्थी की जगह पर एक डॉक्टर को परीक्षा देते पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि उसके साथ 4-5 लोग हैं।

### 24 लाख से अधिक अभ्यर्थी

इस वर्ष, राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के लिए 24 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 10 लाख से अधिक लड़के, 13 लाख से अधिक लड़कियां और 24 छात्र तृतीय लिंग श्रेणी के तहत पंजीकृत थे। पिछले साल, कुल 20,87,449 अभ्यर्थियों ने नीट-स्नातक के लिए पंजीकरण कराया था और परीक्षा सात मई को आयोजित की गई थी। परीक्षा में 97.7 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई थी।

## त्रिनिदाद के प्रधानमंत्री ने किया खुलासा

# टी20 वर्ल्ड कप में होगा आतंकी हमला, धमकी

एजेंसी ▶▶| पोर्ट आफ स्पेन

वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप को आतंकवादी धमकी मिली है। त्रिनिदाद के प्रधानमंत्री कीथ रोले ने इसका खुलासा किया जबकि आईसीसी ने कहा है कि एक जून से शुरू हो रहे टूर्नामेंट की सुरक्षा के लिए व्यापक और मजबूत योजना बनाई गई है। एक जून से होने वाले टी20 विश्व कप में भारत समेत 20 टीमें भाग ले रही हैं। मीडिया रपटों के अनुसार धमकी वेस्टइंडीज को मिली है।



वेस्टइंडीज और अमेरिका में एक जून से मैच, भारत समेत 20 टीमें लेंगी भाग

### आईसीसी बोला- सुरक्षा हमारी प्राथमिकता

आईसीसी के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, टूर्नामेंट में हर किसी की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए व्यापक तथा मजबूत सुरक्षा योजना बनाई गई है। इसने कहा, हम मेजबान देश के अधिकारियों के संपर्क में हैं और हालात पर लगातार नजर रखे हुए हैं । किसी भी तरह के जोखिम से निपटने के लिये सुरक्षा के चाक चौबंद उपाय किए जा रहे हैं।

# केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश, आप ने बताया साजिश

## खालिस्तान समर्थकों से धन लेने का आरोप



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' से कथित तौर पर धन प्राप्त करने के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश की है। राजनिवास के सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। वहीं, आम आदमी पार्टी (आप) ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि एनआईए जांच की सिफारिश भाजपा के इशारे पर केजरीवाल के खिलाफ एक और साजिश है। केंद्रीय गृह सचिव को लिखे पत्र में उपराज्यपाल सचिवालय ने कहा कि सक्सेना को शिकायत मिली थी कि केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप को कथित तौर पर देवेन्द्र पाल भुल्लर की रिहाई के लिए चरमपंथी खालिस्तानी समूहों से 1.6 करोड़ डॉलर की वित्तीय मदद मिली थी।

### पन्नू द्वारा जारी किया गया कथित वीडियो

सूत्रों ने कहा कि शिकायत खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू द्वारा जारी किए गए एक वीडियो से संबंधित है, जिसमें उसने आरोप लगाया कि केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप को 2014 और 2022 के बीच खालिस्तानी समूहों से 1.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर मिले। उपराज्यपाल को दी गई शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है।

## ईसी ने कहा-तीन घंटे के भीतर हटाएं फर्जी पोस्ट

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने सोमवार को राजनीतिक दलों को निर्देश दिया कि वे अपने सोशल मीडिया खातों से फर्जी सामग्री को संज्ञान में आने के तीन घंटे के भीतर हटा दें। यह निर्वाचन आयोग द्वारा राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार में सोशल मीडिया के जिम्मेदार और नैतिक उपयोग के लिए जारी किए गए निर्देशों का हिस्सा है। हाल में, कुछ सोशल मीडिया हैंडल पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अभिनेता आमिर खान तथा रणवीर सिंह के 'डीपफेक' वीडियो पोस्ट किए गए थे और इस संबंध में आपराधिक शिकायतें दर्ज की गई थीं। निर्वाचन आयोग ने सूचनाओं को विकृत करने या गलत सूचना का प्रचार करने वाले 'डीपफेक' बनाने के लिए राजनीतिक दलों को चेतावनी दी ।

■ राजनीतिक दलों को निर्देश

## हरीश गुप्ता बनाए गए आंध्र के नए डीजीपी

**अमरावती।** निर्वाचन आयोग ने सोमवार को हरीश कुमार गुप्ता को आंध्र प्रदेश का नया पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया। आंध्र प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी एम.एन. हरेंधीरा प्रसाद ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि आयोग ने के.वी. राजेंद्रनाथ रेड्डी के स्थान पर गुप्ता को पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया है। आयोग ने 1992 बैच के आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) अधिकारी गुप्ता को तुरंत कार्यभार संभालने और इस बाबत एक अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इससे पहले आयोग ने अनंतपुर रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) आर एन अम्मी रेड्डी का तबादला कर दिया था। अम्मी रेड्डी का तबादला आयोग द्वारा राज्य में पुलिस महानिदेशक रेड्डी का तबादला करने के 24 घंटे के भीतर किया गया है।

■ निर्वाचन आयोग ने दी नियुक्ति

## तीसरे चरण में छत्तीसगढ़ की सीमा पर मतदान की ऐसी तैयारी

# 170 किमी का लंबा सफर तय कर चुनचुना पुंदाग पहुंचा दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार को मतदान सामग्री के साथ मतदान कर्मियों को अलग-अलग वाहनों से रवाना किया गया। जिला मुख्यालय अम्बिकापुर, बलरामपुर एवं सूरजपुर से सबसे पहले दूरस्थ क्षेत्र के मतदान दलों को रवाना किया गया। दोपहर 2 बजे के बाद मतदान दल अपने-अपने मतदान केन्द्र में पहुंच गए हैं। दूरस्थ एवं पहुंचविहीन क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में मतदानकर्मी शाम 6 बजे पहुंचे।

## 150 और 135 किलोमीटर की यात्रा



सूरजपुर के सीमावर्ती रसौकी मतदान केन्द्र में मतदान दल बस से 150 किमी एवं बीहड़ों के बीच बसे लुल्ह मतदान केन्द्र में 135 किमी सफर तय कर शाम 5 बजे पहुंचा। मतदान केंद्र में पहुंचने के बाद मतदान कर्मियों ने सबसे पहले मंगलवार को सुबह 7 बजे से होने वाले मतदान की तैयारियां की। प्रशासन द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए मतदान केंद्रों में बिजली, पानी एवं छाया की व्यवस्था की गई है।

सरगुजा संसदीय चुनाव के लिए सोमवार को जिला मुख्यालयों से मतदान दलों को रवाना किया गया। दूरस्थ क्षेत्र के मतदान केन्द्रों के लिए अलग-अलग वाहनों की व्यवस्था की गई थी। बलरामपुर जिलान्तर्गत पहाड़ी पर बसे दूरस्थ चुनचुना पुंदाग मतदान केन्द्र में 170 किमी का सफर कर मतदान दल शाम 3.30 बजे पहुंचा। इसी तरह झारखण्ड प्रांत के सीमावर्ती दूरस्थ मतदान केन्द्र कमलापुर, सोनपुर, सबाग, करौंदा एवं कमलापुर में मतदानकर्मियों के अपराह्न 3.30 से 4 बजे के बीच पहुंचने की सूचना है।




## खबर संक्षेप

### मकान से नकदी की चोरी, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड शांति नगर निवासी दीपधर चंद्रा बालको संयंत्र में आपरेटर का काम करता है। 29 अप्रैल की सुबह लगभग 7 बजे अपने परिवार के साथ दीपधर चांपा गया था। 30 अप्रेल की सुबह लगभग 8:30 बजे वह अपने घर हाउसिंग बोर्ड शांतिनगर आया तो देखा कि घर के दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर रखे आलमारी में रखे नगदी रकम लगभग 65 हजार रूपये को किसी अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। दीपधर की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।

### शराब दुकान का ताला तोड़ महंगे शराब की पेटी पार

**कोरबा।** जिले में शराब दुकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। चोरों ने दुकान से देशी और महंगे ब्रांड के अंग्रेजी शराब की पेटी पर हाथ साफ कर दिया है। दुकान संचालक की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बांकीमोंगरा थाना अंतर्गत भैरोताल शराब दुकान में सोमवार के तड़के चोरों ने घटना का अंजाम दिया है। चुनाव के मद्देनजर शराब दुकान को कलेक्टर के आदेश पर कल शाम बन्द कराया गया, जिसके बाद चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि सुरक्षा गार्ड शराब दुकान के बगल में सोया हुआ था। जब अचानक नींद खुली तो दुकान का ताला टूटा हुआ पाया। इसके बाद सुरक्षा गार्ड ने सेल्समैन और अन्य कर्मचारियों को इसकी जानकारी दी। सेल्समैन और अन्य कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर देखा तो दुकान के सामने शटर का ताला टूटा मिला।

### दुकान में लगी आग, चार लाख का सामान जलकर खाक

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत हर्राटिकरा इमलीपारा में स्थित एक किराना व बिरयानी दुकान में बीती रात शॉट सर्किट से लगी आग से कई लाख रुपए के सामान जलकर खाक हो गए हैं। दुकानदार द्वारा मामले की सूचना जयनगर थाना में दे दी गई है। गौरतलब है कि जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत हर्राटिकरा इमलीपारा में स्थित संजय राजवाड़े के किराना व बिरयानी दुकान में बीती रात शॉट सर्किट से आग लग गई। बताया जा रहा है कि रात में करीब साढ़े तीन बजे भूसा लोडकर जा रहे एक ट्रक चालक ने घटना को देखकर तत्काल इसकी सूचना दुकानदार को दी। सूचना मिलते ही दुकानदार ने परिजन के साथ मौके पर पहुंचकर देखा तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। दुकानदार ने सक्रिय होकर तत्काल हिम्मत जुटाते हुए दुकान के शटर को उठाकर दुकान में रखे गैस सिलेंडर को बाहर निकाला तथा पाइप के माध्यम से पानी का छिड़काव करके काफी मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया। बताया जा रहा है कि आगजनी की उक्त घटना में दुकान में रखे किराना सामान के अलावे गल्ले में रखा करीब बीस हजार रुपए नगदी सहित फ्रीज, कूलर जल गए हैं। दुकानदार ने उक्त घटना से करीब चार लाख रुपए के आर्थिक नुकसान होने की बात कही गई है।

### चुनाव से ठीक पहले सामरी में युवक से बरामद की गई भरमार बंदूक

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले की सामारीपाठ पुलिस ने चुनाव के ठीक एक दिन पहले एक युवक के घर भरमार बंदूक बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस व एसआईबी की टीम ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर ग्राम पुंदाग में युवक के घर दबिश दी। इस दौरान युवक के पास से भरमार बंदूक बरामद किया गया। पुलिस ने युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है इसके साथ ही आरोपी के आपराधिक रिकार्ड के संबंध में जिले में दर्ज नक्सल प्रकरण एवं सरहदी राज्यों में दर्ज प्रकरण में आरोपी की संलिप्तता के संबंध जांचकी जा रही है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के  मद्देनजर एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र में एसआईबी टीम को लगातार सर्च अभियान चलाने व नक्सल उन्मूलन की दिशा कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इस बीच पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि ग्राम पुंदाग में मनीष सिंह नामक व्यक्ति अपने घर में अवैध रूप से भरमार बंदूक छिपाकर रखा है। सूचना पर एएसपी ऑपरेशन शैलेन्द्र पांडेय के नेतृत्व में एसआईबी, सामरी पुलिस की टीम द्वारा संदिग्ध युवक के घर में दबिश दी गई। इस दौरान पुलिस ने जांच के दौरान युवक के पास से एक भरमार बंदूक बरामद किया। फिलहाल इस बात का पता नहीं चल पाया है कि युवक के पास भरमार बंदूक कहां से पहुंचा। पुलिस द्वारा भरमार को जब्त करने के साथ ही युवक के आपराधिक रिकार्ड की जांच की जा रही है और नक्सल प्रकरणों में उसके संलिप्पता की भी जांच की जा रही है। मामले में पुलिस ने पुंदाग निवासी 25 वर्षीय मनीष सिंह आ. फागु सिंह को 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है।

## निधन

### श्रीमती मुकुल रानी चक्रवर्ती

**कोरबा।** वरिष्ठ पत्रकार एवं कोरबा प्रेस क्लब के वरिष्ठ सदस्य तपन चक्रबर्ती की माता श्रीमती मुकुल रानी चक्रबर्ती (86 वर्ष) का गत दिनों निधन हो गया। पत्रकार तपन चक्रवर्ती के बड़े भाई विकास चक्रबर्ती ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में समाज के सदस्य और ईष्ट मित्र शामिल रहे।

## गर्मी से निपटने जेल प्रबंधन लगातार कर रहा है प्रयास

# तापमान 42 डिग्री के पार, जेल धधक रहा है भट्टी की तरह, कैदियों को ओआरएस का सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सूर्य देवता की तपिश इतनी तेज हो चुकी है कि तापमान 42 डिग्री के पार जा पहुंचा है। ऐसे में आग के गोले की तरह धरती तपने लगी है और 12 बजते ही सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगा है तो वहीं दूसरी ओर

**खास बात**

- जेल मैनुअल के कैदियों को उपलब्ध कराया जा रहहा है भोजन

जेल के भीतर बंद कैदी भी इस गर्मी से हलकान हैं। इस भीषण गर्मी में जेल में बंद कैदी बीमार ना हो इसके लिए जेल प्रशासन अब कैदियों को ओआरएस व ग्लूकोस पानी लगातार दे रहे हैं जिससे जेल में बंद कैदियों को इस भीषण गर्मी का असर ना हो और वे स्वस्थ रहें।

उल्लेखनीय है कि जिला जेल कोरबा की क्षमता 230 है लेकिन औद्योगिक नगरी होने की वजह से इस जेल में हमेशा कैदियों की संख्या अधिक बनी रहती है और जेल में इस भीषण गर्मी के दौरान तापमान जहां 42 डिग्री पार है वहीं ऐसे में जेल में बंद कैदियों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ने लगा है। जेल में बंद कैदियों को किसी तरह की परेशानी ना हो और गर्मी में वे पूरी तरह से स्वस्थ रहें इसके लिए जेल प्रशासन द्वारा जेल में बंद कैदियों को ओआरएस व ग्लूकोस का वितरण कर वाटर लेवल मेंटेन रखने की दिशा पर पहल की जा रही है। साथ ही जेल मैनुअल के तहत भोजन भी गर्मी के अनुरूप ही जेल में कैदियों को दिया जा रहा है। जेलर विजयानंद सिंह ने बताया कि कैदी बीमार ना हो और भीषण गर्मी में उनका वाटर लेवल मेंटेन रहे इसके लिए डॉक्टर की सलाह पर लगातार ओआरएस की घोल दी जा रही है।



फाइल फोटो

### आयुष विंग की टीम लगातार पहुंच रही है जेल

जेल में बंद कैदियों के स्वास्थ्य में किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए आयुष विंग लगातार जेल पहुंच रही है और कैदियों को योग प्रशिक्षण के माध्यम से आयुर्वेद परिचय स्वास्थ्य रक्षण रोगी चिकित्सा, विकार रोकथाम व उपचार, स्वच्छता व स्वास्थ्यवृत्त से स्वास्थ्य तक, संक्रामक बीमारियों से बचाव व प्रतिकार, मानसिक स्वास्थ्य आचार विचार व जीवनशैली परिवर्तन, शरद ऋतु परिचर्या आहार विहार व रोग व प्रतिकार, नशा तन मन धन का नाश लक्षण व उपचार, त्वचा संबंधी रोग निदान एवं प्रतिकार, शीत ऋतुचर्या व रोग एवं प्रतिकार, प्रदूषण जन्य रोग लक्षण बचाव व प्रतिकार, बसंत ऋतुचर्या रोग व प्रतिकार, उद्यम स्वास्थ्य व विकास राज्य से देश तक नवचेतना व निर्माण को लेकर विशेष पाठशाला लगाकर जागरुक कर रहे हैं।

### 246 कैदी है जेल में

जेलर विजयानंद सिंह ने बताया कि कोरबा जेल की क्षमता 230 है लेकिन सोमवार की स्थिति में जेल में कुल 246 बंदी बंद हैं। जिनमें 230 पुरुष व 16 महिला बंदी शामिल हैं। इस भीषण गर्मी में जेल प्रबंधन द्वारा लगातार जेल मैनुअल के तहत कैदियों का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सुबह कैदियों को योग कराया जा रहा है। जिसके उपरांत सुबह और शाम भजन कीर्तन का भी जेल में आयोजन किया जा रहा है ताकि कैदियों का तन मन पूरी तरह से स्वस्थ रहे और जेल का वातावरण भी बेहतर बना रहे।

# अनारक्षित टिकट काउंटर पर क्यूआर कोड की सुविधा देने की कवायद


टिकट काउंटर में टिकट लेते लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डिजिटल टिकटिंग मोड को प्रोत्साहित करने, सेल्फ टिकटिंग को बढ़ावा देने तथा यात्रियों को टिकट के लिए लाइन लगने की परेशानी से निजाद दिलाने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन द्वारा स्टेशनों में ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम), यूटीएस मोबाइल ऐप की सुविधा प्रदान करने के साथ ही आनरक्षित टिकट काउंटर में क्यूआर कोड की सुविधा उपलब्ध कराने की कवायद बिलासपुर मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों में शुरु कर दी गई है।

इसी कड़ी में टिकट काउंटरों से अनारक्षित टिकट खरीदने वाले यात्रियों को चिल्हर की समस्या से निजाद दिलाने तथा डिजिटल भुगतान की सुविधा को और बढ़ावा देने के उद्देश्य से बिलासपुर स्टेशन के टिकट काउंटर पर टिकटों के भुगतान हेतु क्यूआर कोड की सुविधा प्रायोगिक रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। बिलासपुर रेलवे मुख्यालय ने यह सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिसका यात्रियों से बेहतर रिस्पांस मिलते ही इसका विस्तार बिलासपुर के सभी अनारक्षित टिकट काउंटरों में क्यूआर कोड की सुविधा डीडीआईएस में किया गया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि क्यूआर कोड, यूपीआई, एटीवीएम व यूटीएस ऑन मोबाइल एप से यात्रियों को बिना लाइन लगे त्वरित टिकट मिलने के साथ ही आसान डिजिटल भुगतान की सुविधा तो मिल ही रही है साथ ही चेंज, खुल्ले पैसे आदि की दिक्कतों से भी राहत मिलेगी।

# मेडिकल कॉलेज के बाउंसर पर मारपीट का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों सहित डॉक्टर व चिकित्सा स्टाफ की सुरक्षा के लिए सालाना 1 करोड़ के ठेके पर कामथेन सिक्योरिटी एजेंसी को नियोजित किया गया है। एजेंसी ने वर्दीधारी गार्डो के साथ ही अलग से महिला व पुरूष बाउंसरों की तैनाती की है। लेकिन बाउंसर अस्पताल में खुद धात लगा रहे हैं और ड्यूटी करते हुए वहां मरीजों से मिलने या देखरेख के लिए पहुंचे परिजनों से बदसलूकी और मारपीट करने का आरोप लगा है। बाउंसरों के इस तरह दबंगाई से अस्पताल परिसर में पहुंचने वाले लोग भयभीत नजर आ रहे हैं। मामले के बाद अस्पताल प्रबंधन भी इस  बाउंसरों द्वारा की गई इस कृत्य को लेकर हतप्रद हैं। चुनाव के बाद अस्पताल प्रबंधन इस मामले को लेकर बाउंसरों पर कड़ी कार्यवाही कर सकता है।


शिकायत करने पहुंचे प्रार्थी।

### केबल वायर की चोरी, मामला दर्ज

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पंपहाउस कालोनी में निवास करने वाले सतीश कुमार साहू पाम माल में जूनियर इंजीनियर का कार्य करता है। सतीश के द्वारा 2 मई को एक्जास्ट को चेक किया जा रहा था तो उसे पता चला कि केबल को काटा और खोला गया है। जांच के पश्चात ज्ञात हुआ कि पाम माल छत से 35 मीटर कापर केबल चोरी हो गया है और पम्प श्रम से कट पीस केबल भी चोरी गया है। चोरी गए सामान की कुल कीमल लगभग 47 से 48 हजार रूपये है।  घटना की जांच के दौरान नाईट सिप्ट में काम करने वाले कर्मचारी कटईनार बांकीमोंगरा निवासी गुरपेश प्रताप सिंह उम्र 39 साल पिता मनिराम से पूछताछ करने पर उसके द्वारा केबल वायर व कटपीस सामान को चोरी कर विगत दो ढाई माह से धीरे धीरे ले जाना बताया गया। सतीश की रिपोर्ट पर पुलिस ने गुरपेश के विरुद्ध धारा 381 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# चुनाव बहिष्कार के निर्णय से जागे अधिकारी पहुंचे भूविस्थापितों के पास, दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जन समस्याओं को लेकर कुसमुंडा खदान से प्रभावित 9 ग्रामों के निवासियों ने लोकसभा चुनाव मतदान के बहिष्कार का निर्णय लेते हुए बैठक आयोजित की थी। चुनाव बहिष्कार के निर्णय की जानकारी जैसे ही प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन को पहुंची इससे प्रबंधन के अधिकारी सख्ते में आये और भूविस्थापित ग्रामों में पहुंचकर ग्रामीणों से वार्ता कर मतदान के लिए समझाइश देते हुए वार्ता की।

**खास बात**

- मामला कुसमुंडा खदान से प्रभावित 9 ग्रामों के निवासियों का

कुसमुंडा प्रबंधन द्वारा आज सोमवार को अधिकारियों की तीन अलग अलग टीम बनाकर खदान से लगे आसपास के गांवों में भेजा गया है, ये सभी अधिकारी ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनते हुए जल्द से जल्द निपटारे की भी बात कह रहें है, साथ ही लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होकर मतदान करने की अपील भी कर रहें हैं। आपको बता दें पाली, जटराज सोनपुरी सहित लगभग 9 गांवों के ग्रामीणों ने लंबित रोजगार,बसावट मुआवजा सहित कई समस्याओं को लेकर लोकसभा चुनाव बहिष्कार की बात कही है। कुसमुंडा प्रबंधन के अधिकारियों ने बताया की बीते कुछ वर्षों में इन गांवों से सैकड़ों की संख्या में बेरोजगारों को खदान के ठेका कंपनी में रोजगार सुनिश्चित किया गया है। इसकें अलावा लगभग 109 लोगों को एसईसीएल में स्थाई विभागीय नौकरी भी प्रदान की गई है। बसावट हेतु सर्वमंगला डंपिंग, बरमपुर डंपिंग,खमरिया ग्राम, सर्वमंगला नगर, की जमीन व्यवस्थित की जा रही हैं। आगे आने वाले समय में पात्र ग्रामीणों के स्थाई नौकरी की प्रक्रिया भी जारी है। जल्द ही खदान प्रभावित ग्रामीणों की समस्या को सुलझा लिया जावेगा। कुसमुंडा क्षेत्रीय महाप्रबंधक राजीव सिंह ने अपने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व ग्रामीणों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की हैं।


ग्रामीणों को समझाइश देते एसईसीएल के अधिकारी।

# वानिकी एवं वन्य जीव जंतुओं की थीम पर बना मतदान पोलिंग बूथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चैतमा जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर वन विभाग कोरबा चैतमा रेंज के मार्गदर्शन में मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए वानिकी वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम की थीम पर इस बार पोलिंग बूथ तैयार किया गया है। जिससे भारी संख्या में मतदाता सुबह से ही वोटिंग के लिए पहुंच सकें।  तीसरा चरण का मतदान 7 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान सम्पन्न होना है।

आदर्श बूथ चैतमा को यूनिक तरीके से सजाया गया था ताकि मतदाता आकर्षित होकर वोट करने पोलिंग बूथ पहुंच सके। पोलिंग बूथ आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है यहां पर आकर्षक रूप से  विभिन्न वन्य जीव जंतुओं की पेंटिंग एवं वानिकी वन्य संस्कृति को वन्य प्राणी की थीम पर सजाया गया है वन विभाग के कर्मचारियों ने बूथ निर्माण में लगे हुए हैं। इस बारे में वन विभाग के एसडीओ ने बताया कि मतदान केंद्र आदर्श मतदान केंद्र है। उसे सजाने का काम वन विभाग को मिला था। इस मतदान केंद्र को वन्य प्राणी संरक्षण की थीम पर सजाया है। हमने एक झोपड़ी बनाई है यहां जनजाति की संस्कृति का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके साथ सेल्फी जोन भी बनाया गया है। डेवलपमेंट ऑफ़ पर्यटन के विकास को भी यहां दिखाया गया है। वन्य प्राणियों के पारिस्थितिक तंत्र को ठीक-ठाक समझ सके, इसके लिए संतुलन बना सके। वह फोटोग्राफ फ्लेक्स के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। सेजस चैतमा के प्राचार्य संरक्षक चंद्राणी सोम बने आदर्श बूथ बनने पर जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा की प्रशंसा की। ग्रामवासी चैतमा को शत प्रतिशत मतदान के लिए अपील किया। वीरेन्द्र कुमार बंजारे राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि लगातार ग्राम वासियों को रैली, नुक्कड नाटक, दीवार लेखन, चित्रकला के माध्यम से मतदान के लिए स्वंय सेवकों के साथ मिलकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। यहां की संघीय सरकार प्रत्येक 5 वर्ष के अंतराल पर चुनाव के माध्यम से चुनी जाती है। देश के नागरिक इस चुनावी प्रक्रिया में सीधे तौर पर भाग लेते हैं। वानिकी वन्य जीव थीम पर आदर्श बूथ बनने पर ग्रामवासियों ने प्रशंसा की।



मतदान केंद्रों में दिया गया वन्य पर्यावरण का संदेश।

### लोकतंत्र के महापर्व का हिस्सा बनिए और मतदान अवश्य करिए : अजीत वसंत

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि लोकसभा चुनाव में लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होकर अपनी भागीदारी अवश्य सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए हर मतदाता का वोट अमूल्य है। मतदान का अवसर एक निश्चित अवधि में मिलता है, इसलिए इस महत्वपूर्ण अवसर को बिना गंवाए लोकसभा सदस्यों के निर्वाचन हेतु 7 मई  दिन मंगलवार को मतदान केंद्रों में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक अपने मताधिकार का उपयोग करें। कलेक्टर ने मतदाताओं को जागरूक होकर जिले में निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से शांति पूर्ण मतदान की अपील की है। उन्होंने कहा कि सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में प्रत्येक मतदाता का मत अमूल्य है तथा मतदान करना प्रत्येक मतदाता का कर्तव्य है।



### मतदान करते समय मतदाता ये दस्तावेज रखें अपने साथ

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव के अंतर्गत तीसरे चरण में 7 मई मतदान होगा। सभी मतदान केन्द्रों में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए है। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे। जिनमें आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों, डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल है। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे।

पृष्ठ 3 का शेष

### मतदाता आज...

जिम्मेदारी मिली है।  युवा मतदान केंद्र में मतदान अधिकारी क्रमांक 1 के रूप में नियुक्त सुश्री प्रभावती पटेल ने बताया कि वह ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोरबा में पदस्थ है। लोकसभा चुनाव में उनकी ड्यूटी जेलगांव क्षेत्र के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के बूथ क्रमांक 21 में लगी है। उन्होंने बताया कि आयोग का यह दृष्टिकोण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। दीक्षा गुप्ता जमनीपाली के आत्मानंद विद्यालय में माइक्रो ऑब्जर्वर के दायित्व का निर्वहन कर रही केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 की पीजीटी टीचर सुश्री दीक्षा गुप्ता ने कहा कि निर्वाचन कार्य में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर उन्हें बहुत प्रसन्नता हो रही है। महिलाओं की सशक्तीकरण में यह बहुत अच्छा प्रयास है। उन्होंने आमजनों से मतदान अपील करते हुए कहा की इस हेतु अपने घरों से निकलकर अनिवार्य रूप से मतदान करें।  **प्रेक्षक एवं कलेक्टर ने किया निरीक्षण :** निर्वाचन कार्य के लिए मतदान सामग्रियों के वितरण स्थल आईटी कॉलेज तथा शासकीय मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय में वितरण व्यवस्था का प्रेक्षक प्रेमसिंह मीणा, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने जायजा लिया। उन्होंने विधानसभावार सभी केंद्रों का अवलोकन कर रिटर्निंग अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने मतदान दल कर्मियों को सावधानी के साथ मतदान केंद्रों में पहुंचने और निर्वाचन के कार्यों को गंभीरता से पूर्ण कर समय पर वापस पहुंचने कहा।

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।

20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 7 मई 2024

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें :- 7400009183

## लोकसभा चुनाव 2024

# आज जनता देगी जनादेश



आईटी कालेज से मतदान सामग्री के साथ महिला मतदान कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को कोरबा लोकसभा के 8 विधानसभा में वोट डाले जाएंगे।

### खास बात

- पहली बार जिले में एक विधानसभा में निर्वाचन पूर्ण कराने की जिम्मेदारी महिला कर्मचारियों को

लोकसभा के 16 लाख से अधिक मतदाता सहित जिले के 9 लाख 36 हजार 783 मतदाता वोट डालेंगे। जिले में 1 हजार 87 मतदान केंद्रों में 8 हजार से अधिक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिनको तगड़ी सुरक्षा के बीच मतदान सामग्रियों के साथ आईटी कॉलेज एवं कटघोरा के शासकीय मुकुटधर महाविद्यालय से रवाना किया गया। जिले में पहली बार एक विधानसभा में निर्वाचन की संपूर्ण जिम्मेदारी महिलाओं को सौंपी गई है।

जिले में पहली बार पूरे एक विधानसभा में निर्वाचन पूर्ण कराने की जिम्मेदारी महिलाओं को सौंपीं गई है। कोरबा विधानसभा सीट में 249 मतदान केंद्र हैं और सभी संगवारी बूथ है। यहां पीठासीन अधिकारी सहित मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2, 3 एवं माइक्रो ऑब्जर्वर सभी महिलाएं ही हैं। इसके लिए 1150 महिलाओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। लोकसभा चुनाव के तहत सामग्री वितरण के दौरान महिला मतदान अधिकारियों में गजब का उत्साह रहा। ऐसी गतिविधियों से महिलाओं के सामाजिक और राजनीतिक रूप से सशक्तिकरण में मदद मिलती है।

युवा पीठासीन अधिकारी की जिम्मेदारी निभाने जा रही सुश्री शालिनी देवांगन ने बताया कि वह जल संसाधन विभाग में उपअभियंता के पद पर कार्यरत है। लोकसभा निर्वाचन में उन्हें पीठासीन अधिकारी के रूप में जेलगांव के युवा मतदान केंद्र सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में चुनाव पूर्ण कराने ⏭ शेष पेज 2 पर

### एक नजर कोरबा लोस पर

| | |
|---|---|
| पुरुष मतदाता | 803520 |
| महिला मतदाता | 815292 |
| तृतीय लिंग | 52 |
| कुल मतदाता | 1618864 |

### विधानसभावार मतदाता

| विधानसभा | मतदाता |
|---|---|
| कोरबा | 2 लाख 62 हजार 242, |
| कटघोरा | 2 लाख 16 हजार 972 |
| रामपुर | 2 लाख 24 हजार 860 |
| पाली तानाखार | 2 लाख 32 हजार 709 |
| मरवाही | 1 लाख 97 हजार 940 |
| बैंकुंठपुर | 1 लाख 70 हजार 777 |
| भरतपुर-सोनहत | 1 लाख 77 हजार 927 |
| मनेंद्रगढ | 1 लाख 35 हजार 437 |

### 249 बूथों में महिलाओं के हाथों होगी कमान

कोरबा लोकसभा अंतर्गत कोरबा विधानसभा के 249 मतदान केंद्रों सहित जिले के अन्य 30 संगवारी केंद्रों में महिला मतदान दलों द्वारा मतदान कराया जाएगा। कलेक्टर अजीत वसंत के नेतृत्व में पहली बार महिलाओं को कोरबा विधानसभा में सम्पूर्ण मतदान केंद्र के लिए जिम्मेदारी दी गई है। 7 मई को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक होना है। कोरबा लोकसभा के अंतर्गत कोरबा विधानसभा सीट में इस बार मतदान कराने के लिए जिन अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, उनमें सभी महिलाएं शामिल है। कोरबा विधानसभा के 249 बूथों पर लगभग 1150 महिला कर्मचारी होंगी। इसके साथ ही 69 माइक्रों आब्जर्वर, अनेक सेक्टर अधिकारी, सुरक्षा की जिम्मेदारी भी महिलाओं के हाथों सौंपी गई है। जिले के अन्य तीन विधानसभा में 10-10 संगवारी मतदान केंद्र भी बनाएं गए हैं। इन संगवारी मतदान केंद्रों में भी कुल 180 महिलाओं की ड्यूटी लगी है।

## खबर संक्षेप

### हरी झण्डी दिखाकर बसों को किया रवाना

**कोरबा।** जिले के सभी मतदान केंद्रों के लिए बस के माध्यम से मतदान दल सुरक्षा कर्मियों के साथ रवाना होकर मतदान केंद्रों तक पहुंचने लगी है। आईटी कॉलेज में मतदान दलों को कलेक्टर अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई तथा कटघोरा के शासकीय मुकुटधर कॉलेज में जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा ने ऑल द बेस्ट कहकर रवाना किया।

### आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए

**कोरबा।** चारों विधानसभा क्षेत्र में 5-5 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। रामपुर विधानसभा में 131-कुकरीचोली, 117-कोटमेर, 165-तिलकेजा, 235-टुण्डा, 258-बांधापाली 21 कोरबा विधानसभा क्षेत्र में 11-अयोध्यापुरी, 126-कोरबा, 147-कोरबा (इंदिरा चौक), 152-कोरबा (कांशीनगर), 22-जेलगांव, कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के 42-कटघोरा, 43-कटघोरा, 86-मोंगरा, 87-मोंगरा- 12-दीपका तथा पालीतानाखार विधानसभा क्षेत्र के 129-कोनकोना, 183-सुतर्रा, 104-गुरसिया, 284-पाली, 260-केराझरिया को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है।

अब मोदी जी के नेतृत्व में कोरबा
के विकास को भी लगेंगे पंख
कोरबा लोकसभा वासी मन बर मोर अपील
दाई-दीदी, भाई-बहिनी, युवा-सियान,
जम्मो संगी-संगवारी मन ल जय जोहार...
फिर एक बार
मोदी सरकार

साथियों, मैं सरोज पाण्डेय, आपकी बेटी-आपकी बहन कोरबा लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी हूं। माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में अयोध्या में श्री रामलला के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा, कश्मीर से धारा 370 को समाप्त करना, गरीबों के हित में में 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण, आयुष्मान योजना अंतर्गत 5 लाख तक निःशुल्क ईलाज, जैसे अनेक कल्याणकारी कार्य से भारत आज एक मजबूत राष्ट्र बना है। छत्तीसगढ़ में भी श्री विष्णुदेव साय की सरकार एवं मोदी जी की गारंटी के तहत मात्र 100 दिनों में महतारी वंदन योजना से 70 लाख से अधिक माता-बहनों के खाते में 1000 रूपये प्रतिमाह की किस्त, 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति, 3100 रूपए प्रति क्विंटल, 12 लाख किसान साथियों को प्रत्येक क्विंटल 600 रूपए की दर से 3700 करोड़ रूपए का बोनस दिया गया। सुशासन के साथ संकल्प पूर्ती, मोदी जी के नेतृत्व से ही संभव है। आप सबके आशीर्वाद से कोरबा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्येक ग्राम पंचायत को 25 लाख रूपए विकास कार्य के लिए, सामुदायिक भवनों का निर्माण क्षेत्रों में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा, नए विश्व विद्यालय, फार्मेसी कॉलेज, आयुष एम्स एवं मेडिकल कॉलेज, आईटीआई का निर्माण, नई सड़कें, फ्लाई ओव्हर एवं अण्डर पास के निर्माण से ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाना, प्रदूषण एवं राखड़ की समस्या से निजात दिलाना, लोकसभा क्षेत्र में विश्व स्तरीय एयरपोर्ट की संकल्पना एवं रेल्वे का विस्तारीकरण कर क्षेत्र को मुख्य रेल मार्ग से जोड़ना एवं बिजली कटौती की समस्या से निजात दिलाना, पीएम सूर्यघर योजना के तहत बिजली बिल शून्य कराना, संपूर्ण क्षेत्र में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देना, मातिनदाई, तुमानदाई, माँ मड़वारानी, चैतुरगढ़, कोसगाई जैसे धार्मिक स्थलों का सौंदर्गीकरण करने एवं कोरबा को विश्व स्तरीय दर्जा दिलाने तथा आप सबके सुख-दुख में सम्मिलित होकर विकास कार्य हेतु पूर्ण रूप से सक्रिय रहने हेतु संकल्पित हूं। मेरा आप सबसे आग्रह है कि इस लोकसभा चुनाव में 3 नंबर पर भाजपा के कमल फूल निशान का बटन दबाकर मुझे अपना आशीर्वाद प्रदान कर देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनाकर मजबूत भारत एवं विकसित कोरबा लोकसभा क्षेत्र के निर्माण में योगदान देवे।

कमल छाप का 3 नंबर
का बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाएं

आपकी अपनी
सरोज पाण्डेय
(भाजपा प्रत्याशी)
कोरबा लोकसभा क्षेत्र

| क्र. | प्रत्याशी का नाम | फोटो | चुनाव चिन्ह | बटन |
|---|---|---|---|---|
| 3 | सरोज पाण्डेय | | | |

मतदान दिनांक 07 मई, दिन- मंगलवार को सुबहः 07 बजे से शाम 06 बजे तक

18 वीं बार
रहो तैयार

भारत के विकास में आपका योगदान
आपका मतदान, आपकी पहचान

10+8% की छूट
07 ,08 & 09 May 2024

CENTRAL INDIA'S LARGEST FAMILY FASHION STORE
SHREE SHIVAM
THE TOGETHERNESS STORE
MEN | WOMEN | KIDS WEAR

10% instant and 8% on the next purchase from 10th May to 10 June 2024
T&C apply

BILASPUR: AGRASEN CHOWK, LINK ROAD, IN FRONT OF RAGHURAJ SINGH STADIUM
DURG: SANTRA BADI, STATION ROAD
RAIPUR: BESIDE AXIS BANK, JEEVAN BIMA MARG, PANDRI

Follow us on shreeshivamclothing shree_shivam 7222955555 Donate Organ. Donate Life. | AMPLE PARKING SPACE





## खबर संक्षेप



### सेलून संघ के द्वारा मनाई गई संत शिरोमणि सेन की जयंती

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार व्यावसायिक सेलून संघ द्वारा जेपी जेन्ट्स पार्लर में संत शिरोमणि सेन महाराज के तैल्य चित्र पर तिलक लगाकर, फूल माला पहनाकर सभी स्वाजातिय बंधुओं को व दुकान में उपस्थित ग्राहकों को लड्डू, पेड़ा व नारियल प्रसाद वितरण कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक अपनी सेवाओं को पहुंचाने के उद्देश्य को पूरा करने का निर्णय लिया गया है तथा सेन महाराज के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम में हरदीबाजार सेलून संघ के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद श्रीवास, सचिव अमित श्रीवास, कोषाध्यक्ष गणेश राम श्रीवास, संघ के पूर्व सचिव घनश्याम (गुड्डा) श्रीवास, रिटायर्ड फौजी जगेश्वर श्रीवास, रवि श्रीवास, कमलेश श्रीवास, कांता श्रीवास, परदेशी श्रीवास सहित अन्य गणमान्य नागरिक सहित सेलून संघ के सभी सदस्य उपस्थित रहे हैं।

### खेल शिविर में बच्चों को दिया जा रहा फुटबॉल का प्रशिक्षण



**कोरबा।** बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं होती है बस जरूरत होती है उचित मार्गदर्शन और उसे निखरने की। कुछ इसी तरह की पहल यूथ फुटबॉल क्लब द्वारा की जा रही है। बच्चों को भविष्य के खिलाड़ी के रूप में तैयार किया जा रहा है। फुटबॉल क्लब के कोच राहुल दास द्वारा यह जिम्मेदारी उठाई गई है। प्रतिदिन दो पालियों में बच्चों को ट्रेनिंग दी जा रही है। सुबह 6 से 8:30 तक और शाम 5 से 7 तक बच्चों को फुटबॉल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एसईसीएल फुटबॉल मैदान में दो माह का फुटबॉल कैंप आयोजित किया गया है, जिसमें 35 से 40 बच्चे भाग ले रहे हैं। कोच राहुल दास के द्वारा बताया गया कि हाल ही में आयोजित एसजीएफआई, स्कूल गेम्स में यूथ फुटबाल क्लब के चार बच्चों का जिला स्तरीय के लिए चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में सुहेब शेख, अनिकेत किशोर पासवान, संजय सिंह, डेनियल तिर्की शामिल हैं। इनमें से सुहेब शेख का चयन कश्मीर में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

### राष्ट्र सेविका समिति विभाग का प्रशिक्षण वर्ग संपन्न



**हरदीबाजार।** राष्ट्र सेविका समिति कोरबा विभाग का 5 दिवसीय प्राथमिक प्रशिक्षण वर्ग बांकीमोंगरा के ग्राम अरदा में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में कोरबा, जांजगीर-चांपा एवं सक्ति के 189 सेविकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण वर्ग को सफल बनाने में 6 शिक्षिकाओं की मुख्य सहभागिता रही। इस अवसर पर भारतीय संस्कृति के अनुरूप दिनचर्या का पालन करते हुए सेविकाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास के विभिन्न कार्यक्रम कराये गये। जिसमें मातृशक्ति को दण्ड एवं यष्ठी के अभ्यास, योगा आदि का शारीरिक प्रशिक्षण कराया गया एवं विभिन्न विषयों पर प्रतिदिन विभिन्न वक्ताओं के द्वारा बौद्धिक का विषय रखा गया। राष्ट्र सेविका समिति कोरबा विभाग का यह प्रशिक्षण वर्ग 1 मई को प्रारंभ हुआ था जिसका समापन 5 मई को किया गया। इस वर्ग में वर्गाधिकारी राष्ट्र सेविका समिति की प्रांत सह सेवा प्रमुख श्रीमती मंजू अजय दुबे थीं। जबकि वर्ग कार्यवाहिका सुश्री सरस्वती गबेल उपस्थित रहीं। उद्घाटन सत्र में बांकीमोंगरा के नागरिक एवं समाजसेवी प्रमोद अग्रवाल मुख्य अतिथि थे। जिन्होंने राष्ट्र निर्माण में मातृशक्ति की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे ऐसे पुण्य कार्य के लिए सदैव खड़े रहेंगे। समापन अवसर पर डॉ. अंजू सिन्हा कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं। उन्होंने कहा कि वे सौभाग्य शाली हैं, जिन्हें ऐसे कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मुख्य वक्ता राष्ट्र सेविका समिति की सह प्रांत कार्यवाहिका श्रीमती अजिता गनोदवाले गोडवले थीं।

### नए शिक्षण सत्र से शुरु होगी लाइब्रेरी, बॉयो फैकल्टी शुरु करने चल रही तैयारी

# स्वामी आत्मानंद कॉलेज में बढ़ाई जाएंगी सुविधाएं, खुलेगी लाइब्रेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वामी आत्मानंद स्कूल से 12वीं पास करने वाले छात्रों के लिए विद्युत गृह स्कूल में शुरु किए गए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कॉलेज में नए शिक्षण सत्र से फैकल्टी की सुविधाएं बढ़ाने कवायद चल रही है। प्राथमिकता के तौर पर छात्रों के सुविधा के लिए लाइब्रेरी की सौगात सबसे पहले मिलेगी। जिले में एक मात्र और पहला अंग्रेजी माध्यम कॉलेज होने के कारण उच्च शिक्षा विभाग महाविद्यालय की शैक्षणिक विकास पर कार्ययोजना तैयार किया है।

बीते दो वर्ष से शहर के विद्युत गृह स्कूल क्रमांक 1 में चलने वाले स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कॉलेज में बॉयो फैकल्टी के साथ लाइब्रेरी की कवायद शुरु की गई है। नए शिक्षण सत्र के साथ कॉलेज में प्राथमिकता के तौर पर लाइब्रेरी को पहले शुरु किया जाएगा। जिसके लिए उच्च शिक्षा विभाग ने गाइड लाइन जारी की है। बताया जाता है कि महाविद्यालय में शुरु करने के पूर्व इसे उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर अपडेट किया गया है। किंतु बॉयो फैकल्टी के शुरु नहीं होने से आत्मानंद स्कूल से बॉयो सब्जेक्ट से 12वीं पास करने वाले छात्रों को इसका लाभ नहीं मिल पाता था। वहीं जो फैकल्टी चल रही है उसमें प्रवेश लेने वाले छात्रों को उनके सब्जेक्ट के सिलेबस के किताबे उपलब्ध नहीं होने के कारण पढ़ाई में छात्रों को दिक्कते होती थी। जिनके निराकरण के लिए लाइब्रेरी प्रारंभ की जा रही है। अंग्रेजी माध्यम के किताबों को लेकर शहर में कुछ दिक्कते जरुर हैं, इस बात को कॉलेज के प्रबंधक भी स्वीकारते हैं। उनकी मानें तो पढ़ाई के लिए सिलेबस की जरुरत है जिसे लाइब्रेरी के माध्यम से पूरा किया जाएगा।





#### कम्प्युटर व साइंस लैब की है सुविधा

महाविद्यालय में कम्प्युटर लैब और साइंस लैब की सुविधा दे दी गई है। फिजिक्स कैमेस्ट्री के छात्रों को साइंस लैब की सुविधा मिलने के साथ ही अन्य ओकेशनल कोर्स के छात्रों के लिए कम्प्युटर लैब जैसी सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। कॉलेज को अपडेट करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने जानकारी मांगी है। जिसके तहत छात्रों के मांग अनुसार सुविधा उपलब्ध रहेगी।

# सड़क किनारे पेड़ पर सुबह से देर रात चढ़ा रहा भालू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



लाल घेरे में पेड़ में चढ़ा भालू।

जंगल से भटककर एक भालू मड़वारानी के समीप मुख्य मार्ग से लगे एक पेड़ पर जा पहुंचा। जब सुबह ग्रामीणों की नजर भालू पर पड़ी तो उनके होश उड़ गए और तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सुबह से देर शाम तक कोई जन धन की हानि ना हो इसके लिए आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अलर्ट जारी कर वन अमले की टीम भी डेरा डाली रही। देर शाम के बाद भी भालू पेड़ पर बना हुआ है।

उल्लेखनीय है कि कोरबा वनमंडल के अंतर्गत आने वाले करतला वन परिक्षेत्र के मड़वारानी के जंगल व उसके आसपास विभिन्न प्रकार के वन्य प्राणियों का बसेरा है। जिसमें भालू, चीतल सहित अन्य प्रकार के वन्य प्राणी आसपास डेरा डाले रहते हैं। बताया जाता है कि सोमवार की सुबह एक भालू मड़वारानी मंदिर से कुछ ही दूर पर स्थित एक पेड़ पर आ धमका और जमकर उछल कूद मचाते हुए तेज आवाज लगाने लगा। सुबह जब ग्रामीणों की नजर भालू पर पड़ी तो उनके होश उड़ गए और उन्होंने तत्काल वन विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना दी। ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने पर कई बार भालू हमले करने की कोशिश भी करता रहा लेकिन लगभग 12 बजे वन अमले की टीम मौके पर पहुंची और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी कर लोगों को सजग व सावधान किया गया कि वे भालू के आसपास ना जाएं और उसके बाद वन विभाग टीम लगातार भालू की निगरानी करते हुए मौके से कुछ ही दूरी पर डेरा डाले रहे। देर शाम बीतने के बाद भी भालू पेड़ से नीचे नहीं उतरा जिससे वन विभाग की मुश्किलें बढ़ गई है। अब संभावना जताई जा रही है कि देर रात को भालू जंगल में जा सकता है। हालांकि वन विभाग की टीम लगातार उसके हर गतिविधि पर नजरे जमाए हुए हैं।

# ट्रेलर चालकों की लापरवाही से सड़क जाम से आवागमन हुआ बाधित



दीपका बाईपास मार्ग में खड़े भारी वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

हरदीबाजार-दीपका बाईपास सड़क पर टेलर चालकों की लापरवाही से आम लोग खासे परेशान हैं। एक ओर जहां एसईसीएल द्वारा 17 करोड़ खर्च कर सड़क निर्माण कराया जा रहा है, सड़क बन जाने से सभी लोगों को सुविधा होगी। वहीं दीपका थाना चौक से डंपिंग यार्ड तक वर्तमान में सड़क की स्थिति इतनी जर्जर है कि प्रतिदिन दो चार बाईक सवार दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। धूल का गुब्बार तो गड्डे ही गड्ढे इस मार्ग पर धूल से निजात दिलाने एसईसीएल प्रबंधन ने टेंडर जारी कर पानी छिड़काव के लिए पानी टैंकर भी लगाए हैं जो काफी नहीं है। मानवाधिकार आयोग के कल्याण सचिव ने बताया कि एसईसीएल प्रबंधक द्वारा 92 लाख रुपए से तीन टैंकर दीपका थाना चौक से रेंकी चौक तक पानी का छिड़काव होना है लेकिन ठेकेदार की लापरवाही से मात्र एक टैंकर से ही कुछ दूरी तक ही पानी का छिड़काव कर अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है। जबकि बजरंग चौक से रेंकी चौक तक पानी का छिड़काव ही नहीं हो रहा है। वहीं टेलर चालकों व टोकन देने अपनी-अपनी वाहनों को जल्दी लोड करवाने की होड़ में पूरा सड़क ही जाम कर दे रहे हैं। जिससे आम लोग, चार पहिया वाहन, बाईक सवारों, यात्री बसों के निकलने तक की जगह नहीं छोड़ते है। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# ट्रैफिक अमला चुनाव में, सुनालिया में शाम को लग गया जाम



देर शाम सुनालिया मार्ग में वाहनों का लगा जाम।



जाम खुलवाते पुलिस कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिले की पुलिस टीम सभी मतदान केंद्रों में तैनात हो गई है। इसके साथ ही यातायात पुलिस की टीम भी अलग-अलग क्षेत्र में तैनात है। जिसके चलते शहर के चौक चौराहों में ट्रैफिक पुलिस अमला तैनात नहीं है। जिसके चलते सोमवार की शाम सुनालिया चौक में जाम लग गया था लेकिन जैसे ही इसकी सूचना पुलिस के अधिकारियों तक पहुंची ट्रैफिक की रिजर्व पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और शहर की यातायात व्यवस्था को बहाल करने की दिशा पर प्रयास किया गया।

उल्लेखनीय है कि जिले में 7 मई को लोकसभा चुनाव के मतदान की प्रक्रिया संपन्न होगी। इसके लिए एक दिन पहले ही सोमवार को आईटी कॉलेज से पोलिंग पार्टी अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना हो चुकी है। इसके लिए जिले भर की पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों की टीम की ड्यूटी लगी है। साथ ही ट्रैफिक पुलिस के अमले की भी टीम लगी हुई है। जिसके चलते शहर के चौक चौराहे में सोमवार को ट्रैफिक पुलिस के जवानों की तैनाती नहीं हो पाई थी। देर शाम लगभग 6:30 बजे शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग पावर हाउस रोड स्थित सुनालिया मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित हो गई। पुलिस के आला अधिकारियों को इसकी सूचना मिलने पर ट्रैफिक एएसआई मनोज राठौर, नूतन राजवाड़े अपने टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घंटों मशक्कत के बाद किसी तरह शहर की यातायात व्यवस्था को बहाल कर शहर में सुगम यातायात व्यवस्था फिर से शुरू कराया गया। शहर में बल की कमी होने के चलते इस तरह की स्थिति निर्मित हुई थी।

# रूद्राभिषेक कर नरेंद्र का मनाया गया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



नगर पालिक निगम के पार्षद व भाजपा नेता नरेंद्र देवांगन ने अपना जन्मदिन नगर निगम आवासीय परिसर के महामृत्युंजय मंदिर में रुद्राभिषेक कर मनाया। इस दौरान श्री देवांगन ने क्षेत्र वासियों के कुशलक्षेम और विकास की कामना की।

श्री श्री 108 श्री महामृत्युंजय मंदिर, नगर पालिक निगम परिसर निहारिका में मंदिर पुरोहित आशुतोष पूरी गोस्वामी एवं नागेश्वरपूरी गोस्वामी द्वारा रूद्राभिषेक कर नगर पालिक निगम पार्षद नरेंद्र देवांगन ने अपना जन्मदिन मनाया। जन्मदिन की तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर पालिक निगम के आवासीय परिसर में स्थित महामृत्युंजय मंदिर में व्यापक तैयारियां की थी। रुद्राभिषेक के दौरान मंदिर परिसर भोले के जयकारे से गूंज उठा। जन्मदिन के अवसर पर दुर्गेश राठौर, अनिल राठौर, सुनील अग्रवाल, अप्पू ठाकुर, दुर्गेश शर्मा, पंकज पटेल, अमृतलाल गुप्ता, राजकुमार साहू, जीवा, प्रफुल्ल साहू, राजकमल सोनी, दीपक शर्मा, अमित पाटिल, किशोर चौहान, कार्तिकेय साहू, भूपेंद्र चौहान, रामलाल साहू, दीपक सिंह सोनू राठौर, शिव साहू, शैलेन्द्र यादव, वैभव शर्मा राजेश प्रजापति उपस्थित रहे।

# बैंक संचालन देरी से शुरू करने के मामले में शाखा प्रबंधक को नोटिस

**बिश्रामपुर।** गत एक मई को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा बिश्रामपुर के मैनेजर सहित अन्य स्टॉफ के पौन घंटे विलंब से शाखा पहुंचने व तपती धूप में घंटो ग्राहकों को बाहर इंतजार कराने मामले संबंधी समाचार प्रकाशन होने के बाद प्रबंधन के उच्च अधिकारीयों द्वारा बैंक की सीसी टीवी फुटेज खंगालने पश्चात शिकायत सही मिलने की पुष्टि हुई है।इसके बाद जिला सहकारी बैंक के सीईओ सुनील वर्मा ने बैंक प्रबंधक श्रीमती बिंदु रानी को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।बैंक प्रबंधक को जारी नोटिस में सिविल सेवा आचरण अधिनियम के विपरित कार्य करने पर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है और अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने की बात कही गई है। बता दें की उक्त शाखा प्रबंधक को पिछले 24 जनवरी को ग्राहकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ अभद्र व्यवहार एवं बैंकिंग कार्यशैली के विपरित व्यवहार की लगातार शिकायत मिलने के बाद उच्च प्रबंधन ने अंबिकापुर से बिश्रामपुर शाखा इनका तबादला कर दिया था, अब यहां भी इनकी लापरवाह भरी कार्यशैली नहीं बदली है, ऐसे में ग्रामीण व किसान उपभोक्ताओं में रोष की स्थिति बनी हुई है।गौरतलब है कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जिसे को ऑपरेटिव बैंक के नाम से जाना जाता है, इसमें अधिकतर उपभोक्ता किसान होते हैं।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# मतदान प्रभावित न हो इसके लिए वन विभाग करेगा पेट्रोलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा चुनाव के लिए आज जिले भर में मतदान उत्सव मनाया जाएगा। हाथी प्रभावित क्षेत्रों में किसी तरह की कोई जनधन की हानि ना हो इसके लिए वन विभाग अलर्ट मोड पर है और इसके लिए वन विभाग में लगभग एक दर्जन चार पहिया वाहन के माध्यम से सभी क्षेत्रों में पेट्रोलिंग करेगी ताकि मतदान की प्रक्रिया में कोई बाधा उत्पन्न ना हो। उल्लेखनीय है कि जिले का कोरबा व कटघोरा वनमंडल हाथी प्रभावित क्षेत्र है। जिसमें से कटघोरा वनमंडल में सबसे अधिक 48 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। सोमवार की शाम की स्थिति में 48 हाथी अलग-अलग झुंड में विभक्त हो गए हैं जिसमें से मड़ई में 23 हाथी, एतमानगर रेंज के पचरा में 13 हाथी, कापानवापारा में 12 हाथी व लालपुर में एक हाथी विचरण कर रहा है। हालांकि अब तक इन हाथियों ने कोई बड़ी जन-धन की हानि नहीं पहुंची है। वही मंगलवार को लोकसभा चुनाव का उत्सव मनाया जाएगा। हाथी प्रभावित क्षेत्रों में पहले ही वन विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है और मतदान प्रक्रिया प्रभावित न हो इसके लिए लगातार वन अमले की टीम अलग-अलग क्षेत्र में हाथियों की निगरानी करेगी और इसके लिए वन विभाग ने लगभग एक दर्जन चार पहिया वाहन की व्यवस्था की है जो अलग-अलग क्षेत्र में लगातार हाथियों की ट्रैकिंग करेगी।





